## अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

### सुख शांति के लिए घर में जरूर लगाएं यह निम्न प्रकार के पौधे

पौधे सिर्फ घर-बंगले की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ही नहीं बल्कि परिवार के जीवन को बेहतर बनाने में भी मदद करते है। कई ऐसे पौधे है, जिन्हें घर-गृहस्थी में लगाने से वास्तु और जीवन बेहतर होता है। यदि कोई के घर में किसी भी तरह का वास्तु दोष है तो इन निम्न प्रकार के पौधो के लगाने से वह दूर हो सकता है, इसके साथ ही जीवन में किसी तरह की परेशानी का सामने करने पर निम्न पौधे लगाएं।

**तुलसी**–शहर के अधिकतर घरों एवं बंगला में तुलसी का पौधा जरूर मिलेगा। औषधि गुणों से भरपूर वास्तु की समस्या दूर करने के लिए प्राचीन परम्परा से किया जाता है। इस पौधे को घर या बंगले में उत्तर पूर्व या पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इससे जीवन में सुख शांति बनी रहती है। इसके अतिरिक्त धार्मिक, पूजा पाठ और ऑक्सीजन में भरपूर होकर जीवन स्वस्थ्य बना रहता है।

**शमी का पौधा**– वास्तु के लिए शमी का पौधा या पेड़ शुभ माना जाता है। इस पौधे को घर की दक्षिण दिशा में लगाने से शनि के बुरे प्रभाव दूर होते है। इस पौधे को लगाने से भगवान शिव की कृपा बनी रहती है और नौकरी या व्यवसाय में तरक्की होती है। इसके साथ ही घर मे सदस्यों में प्रेमभाव भी बना रहता है।

**अपराजिता का पौधा**– घरो बंगलो में अपराजित का पौधा बहुत शुभ माना जाता है। इसे उत्तर पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इस पौधे को लगाने से घर में लक्ष्मी का वास होता है। हर तरह के कामकाज में प्रगति होती है और घर में कभी धन्य धान की कमी नहीं होती है।

**स्नेक प्लांट**–इस पौधे को घर में लगाने से परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ अच्छा रहता है क्यों कि यह वायु को शुद्ध करने में मदद करता है। यदि इसे बेडरूम में रखा जाए तो दाम्पत्य जीवन में भी खुशहाली बनी रहती है। इसके अच्छे प्रभाव के लिए इसे घर के दक्षिण पूर्व और दक्षिण पूर्वी कौने में रखना चाहिए।

## अतीत से अब तक....फीफा विश्वकप

### इटली की बादशाहत बरकरार-विश्व कप (1938)

लगातार दो विश्व कपों की सफलताओं और लोकप्रियता ने फ्रांस को तीसरे विश्व कप की मेजबानी का अवसर दिया । यह वह समय था जब सम्पूर्ण विश्व में दूसरे विश्वयुद्ध की संभावनाएं काफी प्रबल हो गई थी,और अधिकांश देश दो धणों में बंट रहे थे । फलतः अर्जेंटीना, ऑस्ट्रीया, स्पेन जैसी दिग्गज टीमों ने अपने आपको इस महाकुंभ से अलग कर लिया। यही कारण था कि इस बार सिर्फ 15 टीमें ही मैदान में उतरीं।

स्पर्धा का आगाज गत कांस्य पदक विजेता जर्मनी और स्विट्जरलैंड के बीच हुआ,मुकाबला बराबरी पर छूटा,चार दिन बाद इनके बीच दौबारा मैंच हुआ और जीत मिली स्विट्जरलैंड को4-2से।

अनुभवहीन पोलेंड व डच इस्ट्इंडिज टीम को कृमशः ब्राजील व हंगरी से पराजय सहन करना पडी।फ्रांस ने बेल्जियम को 3-1 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां एकतरफा मैंच में स्वीडन ने क्यूबा को गुस्तावो वेस्ट्रोम के दनदनाते चार गोल के सहारे 4-0 से ,फ्रांस की मेजबानी को गत विजेता इटली ने 3-1 से ध्वस्त किया, तो ब्राजील ने चेक टीम को 2-1से शिकस्त दी।हंगरी ने स्विट्जरलैंड को 2-0 से मात देकर सेमीज में जगह बनाई।

अति आत्मविश्वास के मद में चूर ब्राजील ने सेमीज में अपने करिश्माई खिलाड़ी लियोनिडास को आराम दे दिया,जिसका परिणाम भी उसे भुगता, इटली से 1-2 की पराजय के रूप में । दूसरे सेमीज में अच्छा प्रदर्शन कर रही हंगरी की टीम ने स्वीडन को 5-1 से करारी शिकस्त देकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। पेरिस में 19 जून को कोलम्बस स्टेडियम में जब खिताबी मुकाबला शुरु हुआ तो दोनो टीमों ने रोमांच,संघर्ष और उतेजनाओं से भरपूर मुकाबला खेला, घर दर्शक हंगरी का उत्साह बढ़ा रहे थे, क्योंकि इटली ने तो उनकी फ्रांसीसी टीम को स्पर्धा से बाहर किया था , पर इटली की टीम तो कुछ और ही ठानकर आई थी ,फलतः खेल समाप्ति का जब हूटर बजा तो इटली की टीम4-2 की जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी , तो दूसरी और हंगरी के खेमे में गहन निराशा ।तीसरे स्थान पर रही ब्राजील की टीम ,जिसने पिछली पराजय से सबक लेकर इस बार मजबूत टीम उतारी और स्वीडिश चुनौती को 4-2 से तार-तार कर स्पर्धा में सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया ।

इस बार 18 मैंचों में कुल 84 गोल हुए और विश्वकप में सर्वाधिक गोल करने का श्रेय मिला ब्राजील के सितारे लियोनिडास (8 गोल)को।

– कार्तिकेय त्रिपाठी राम इन्दौर 7869799232

### तीन पदक हासिल किए



**इन्दौर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा हल्द्वानी (उत्तराखंड) में खेली गई 13वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने तीन पदक हासिल किए। जिसमें अमन सिंदल ने रजक पदक, नमन पाटिल व कारण सक्सेना ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया व सभी पदाधिकारी ने बधाई दी।

## नगर निगम सहित अन्य निकायों की मतदाता सूची में

# नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि 15 जून

इन्दौर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की तैयारी के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

**नगरीय निकायों के लिए संशोधित कार्यक्रम**

नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि अब 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण 25 जून तक किया जाएगा तथा निराकृत प्रकरणों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 30 जून तक की जाएगी। इसके बाद दावा-आपत्तियों की चेकलिस्ट 3 जुलाई तक तैयार की जाएगी तथा त्रुटि सुधार उपरांत वेण्डर को चेकलिस्ट 6 जुलाईतक वापस की जाएगी। फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 9 जुलाई को जनरेट की जाएगी तथा फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची को 10 जुलाई 2026 तक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची की मुद्रित प्रतियां 16 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएंगी। मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जुलाई को किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची की डीवीडी/सीडी 20 जुलाई तक उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि विक्रय हेतु प्रतियां 21 जुलाई तक उपलब्ध रहेंगी। सार्वजनिक प्रकाशन के प्रमाण-पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

**पंचायतों के लिए संशोधित कार्यक्रम**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के लिए भी द्वितीय चरण की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। पंचायतों के लिए दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 25 जून तथा निराकृत प्रकरणों की ईआरएमएस में प्रविष्टि की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों की चेकलिस्ट 3 जुलाई तक तैयार की जाएगी। चेकलिस्ट की जांच एवं त्रुटि सुधार के बाद वेण्डर को 6 जुलाई तक वापस किया जाएगा।

फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 9 जुलाई 2026 को जनरेट होगी तथा फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 10 जुलाई 2026 तक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

## एम.पी. स्टेट रैंकिंग स्नूकर चैंपियनशिप 2026

### हार्दिक, विकास, वीरेन, ऋषभ अगले दौर में

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स व स्नूकर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11वीं सिक्स रेड एम.पी. स्टेट रैंकिंग स्नूकर चैंपियनशिप 2026 नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी पर खेली जा रही है। इस चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। पहले दौर के मुकाबलों में युवा खिलाड़ी हार्दिक गायकवाड़ ने बिलाल शेख को 3-0 से, विकास कनौजिया ने हर्षित शर्मा को 3-1 से, वीरेन शर्मा ने देवानी चौहान को 3-0 से, ऋषभ पितलिया ने अर्जुन शर्मा को 3-0 से, मोहम्मद शफान ने महेंद्र चौहान को 3-2 से, समर मंसूरी ने हिमांशु डावर को 3-2 से, हर्षित शर्मा ने तरंग गगनेजा को 3-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। चीफ रैफरी सुजीत गेहलोत ने बताया कि मंगलवार से प्रदेश के राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### डिजीटल सेवाओं के विस्तार हेतु ईशान साबू का हैदराबाद दौरा

**इन्दौर।** वायबरेन्ट वायरल मीडिया मुम्बई के संस्थापक ईशान साबू अपनी डिजीटल सेवाओं के विस्तार हेतु 9 से 11 जून तक हैदराबाद प्रवास पर रहेंगे, हां आप डिजीटल मार्केटिंग सोशल मीडिया हेतु विभिन्न इवेन्टों में तथा समूह चर्चा (डिजीटल कांफ्रेंस) में भाग लेंगे। श्री ईशान साबू आज मुम्बई से हैदराबाद विमान से पहुंचेंगे। हैदराबाद में डा. हर्ष के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### लकी वाण्डर्स स्पोर्ट्स केयर परिवार द्वारा आयोजित कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ हुआ

**इन्दौर (ई)** एआईएमपी सिद्धि की प्रदेश अध्यक्ष श्रेष्ठा गोयल एवं सेंट्रल जेल अधीक्षक अलका सोनकर के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी उषा यादव, रेखा बोरासी, अलका शर्मा, चन्दा सोनी, दीप्ती पटेल एवं किरण जी के विशेष आतिथ्य में लकी वाण्डर्स स्पोर्ट्स केयर परिवार द्वारा आयोजित कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रेष्ठा गोयल ने कहा कि कबड्डी खिलाड़ी कभी हताश नहीं होता और यह खेल भारतीय मिट्टी की खुशबू से जुड़ा हुआ है। अलका सोनकर ने कहा कि खेल जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए। संस्था अध्यक्ष दीपक रावल ने अतिथियों से भारतीय खेल कबड्डी के लिए सहयोग की अपेक्षा जताई। आभार प्रदर्शन मुकेश पंचोलिया ने किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया निरीक्षण

# जल संरक्षण की मिसाल बनी ट्रेजर टाउन कॉलोनी, हर घर के वर्षा जल को सहेजने का मॉडल तैयार

**जनभागीदारी से भू-जल पुनर्भरण को मिल रही गति**

**इंदौर (ई)।** प्रदेश में जल संरक्षण और जल स्रोतों के पुनरुद्धार के लिए मुख्यमंत्री की जनभागीदारी की अपील का इंदौर में व्यापक असर दिखाई दे रहा है।

नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहरभर में जल संरक्षण के कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। इस अभियान में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, रहवासी संघ (आरडब्ल्यूए), शैक्षणिक संस्थान और कॉर्पोरेट क्षेत्र बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

इसी कड़ी में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जनभागीदारी से जल संरक्षण का उत्कृष्ट मॉडल विकसित करने वाली ट्रेजर टाउन कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी के रहवासियों ने सामूहिक प्रयास से प्रत्येक भवन के वर्षा जल आउटलेट (रेन वॉटर आउटलेट) को सीधे रिचार्ज पिट से जोड़कर भू-जल संवर्धन की एक अनूठी तकनीक अपनाई है।

**चार रिचार्ज पिट तैयार, हर बूंद सहेजने का लक्ष्य**

कॉलोनी प्रबंधन और रहवासियों के सहयोग से अब तक परिसर में चार बड़े रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा किया जा चुका है। रहवासियों का मुख्य लक्ष्य आगामी वर्षा काल में बारिश के पानी की एक-एक बूंद को कॉलोनी की जमीन के भीतर ही संरक्षित करना है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस सफल और दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए इसे इंदौर की अन्य कॉलोनियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए नागरिकों की ऐसी सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नगर निगम इस मॉडल को शहर के अन्य हिस्सों में भी लागू करने के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और भू-जल पुनर्भरण (ग्राउंड वॉटर रिचार्ज) कार्यों को लगातार गति दे रहा है।

### स्कीम 114 के बिजली ग्रिड की क्षमता अब बढ़कर 25 एमवीए

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देश में शहर के ग्रिडों की क्षमता का क्रमशः विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कीम नंबर 114 स्थित 33/11 केवी सब स्टेशन की क्षमता 20 एमवीए से बढ़ाकर अब 25 एमवीए कर दी गई है। एसएसटीडी योजना के तहत पूर्व के 5 एमवीए के पीटीआर को हटाकर यहां टनों वजनी 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर प्रोटेकॉल के साथ स्थापित कर सोमवार की शाम ऊर्जीकृत किया गया। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनेंद्र गर्ग ने बताया कि विद्युत वितरण क्षमता वृद्धि के इस कार्य से करीब 10 कॉलोनियों को पांच हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी, भविष्य की बढ़ती मांग को आसानी से पूरा करने में आसानी होगी।

**ऊर्जस एप से बिजली आपूर्ति संबंधी सतत मदद**

इंदौर। बिजली कंपनी के ऊर्जस एप से उपभोक्ताओं को आपूर्ति संबंधी शिकायतों के समाधान में सतत मदद मिल रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पौने दो सौ बिजली उपभोक्ताओं आपूर्ति संबंधी मदद के लिए ऊर्जस एप का उपयोग किया। इन उपभोक्तों में इंदौर शहर के 100, देवास के 11, उज्जैन के 10, खरगोन के 6, रतलाम के 4 उपभोक्ता प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। ऊर्जस एप पर शिकायत करने के बाद तुरंत संज्ञान लिया जाता है, कॉल सेंटर 1912 के माध्यम से मैदानी अमले को सुधार के लिए संदेश जाता है, सुधार की प्रक्रिया कुछ मिनटों में प्रारंभ कर दी जाती है। सुधार के बाद पुष्टि भी की जाती हैं।

## नाम परिवर्तन की सूचना

मेरी पुत्री श्रीदा तिवारी ( SHREEDA TIWARI ) पिता शिखर तिवारी है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र पर अंकित है । किन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम सांवीका तिवारी ( SAANVIKA TIWARI ) पिता शिखर तिवारी दर्ज हो गया है, अतः भविष्य मे मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों पर उसका सही नाम श्रीदा तिवारी ( SHREEDA TIWARI ) पिता शिखर तिवारी लिखा पढा जावे एवं इसी नाम से जाना पहचाना व सम्बोधित किया जावे ।

**श्रीदा तिवारी ( SHREEDA TIWARI ) पिता शिखर तिवारी**
**पता : 134, विश्वकर्मा नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452009**

## नाम परिवर्तन की सूचना

मेरे पुत्र का नाम अथर्व कटारे (**ATHARV KATARE**) पिता शमशेर कटारे है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र पर अंकित है। किन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम अथर्व (**AARTHARV**) पिता शमशेर एवं उसके शैक्षणिक दस्तावेजों पर उसका नाम अथर्व कटारे (**ATHARAV KATARE**) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों पर उसका सही नाम अथर्व कटारे (**ATHARV KATARE**) पिता शमशेर कटारे लिखा-पढ़ा जावे एवं इसी नाम से जाना-पहचाना व संबोधित किया जावे।

**पिता : शमशेर कटारे**
**पता : 29, मातेश्वरी कॉलोनी, स्कीम नं. 51, इन्दौर (म.प्र.) 452006**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सुजल परिहार, पुत्र श्री प्रेम परिहार, निवासी-172, 173 विराट नगर, मुसाखेड़ी रिंग रोड, इंदौर (म.प्र.), घोषणा करता हूँ कि मेरे सीबीएसई (CBSE) कक्षा 10वीं (2021) और कक्षा 12वीं (2023) के प्रमाण पत्रों में मेरे पिता का नाम 'प्रेम' (Prem) और माता का नाम 'संगीता' (Sangeeta) गलत अंकित हो गया है। वास्तव में मेरे पिता का सही नाम 'प्रेम परिहार' (Prem Parihar) और माता का सही नाम 'संगीता परिहार' (Sangita Parihar) है। 'प्रेम' एवं 'प्रेम परिहार' एक ही व्यक्ति हैं, तथा 'संगीता' एवं 'संगीता परिहार' एक ही महिला हैं। भविष्य में उन्हें इनके सही नाम क्रमशः 'प्रेम परिहार' एवं 'संगीता परिहार' से ही जाना व पहचाना जाए।

**घोषणाकर्ता : सुजल परिहार, इंदौर (म.प्र.)**

## जाहिर सूचना

मै धनश्याम घोरपडे, निवासी सिंगापुर टाउनशिप, इन्दौर, आम और खास इस जाहिर सुचना के माध्यम से सुचित करता हूँ, कि मेरे **पुत्र अभिषेक घोरपडे पिता श्री धनश्याम घोरपडे एवं मेरी पुत्र वधु नन्दनी घोरपडे पति अभिषेक घोरपडे** का व्यवहार परिवार के सदस्यों के प्रति बहुत बुरा होने और आये दिन झगड़ा करने, मर जाने की धमकी देना व परिवार को पुलिस के झुठे केस में फंसा देने की धमकी देने के कारण मैने अपने पुत्र व पुत्र वधु को आज दिनांक 09/06/2026 को घर एवं मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ।

मेरे **पुत्र अभिषेक घोरपडे पिता श्री धनश्याम घोरपडे एवं मेरी पुत्र वधु नन्दनी घोरपडे पति अभिषेक घोरपडे** से मेरा एवं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सम्बंध नही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा इनसे कोई भी व्यवहार व इनसे किये गये किसी भी कृत्य के लिए मै तथा मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नही होगा। सो सूचित हो।

**धनश्याम घोरपडे**
**निवासी सिंगापुर टाउनशिप, इन्दौर, मो.नं. 09303272220**

## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम श्रीजा तिवारी ( SHREEJA TIWARI ) पिता शिखर तिवारी है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र पर अंकित है । किन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम सास्विका तिवारी ( SASVIKA TIWARI) पिता शिखर तिवारी दर्ज हो गया है, अतः भविष्य मे मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजो पर उसका सही नाम श्रीजा तिवारी ( SHREEJA TIWARI ) पिता शिखर तिवारी लिखा पढा जावे एवं इसी नाम से जाना पहचाना व सम्बोधित किया जावे ।

**पिता : शिखर तिवारी**
**पता : 134, विश्वकर्मा नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452009**

**परिशिष्ट ट**
**प्रारूप-ण**
**(नियम 22 (क) (6) देखिए)**

**धारा 30 क के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक INDLP19052649494/ दिनांक /05/JUN/ 2026
क्र./2025/नगरि/Indore दिनांक 05/JUN/ 2026

जनसमान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (Neelu Kaul)-1). SMT. NEELU KAUL W/o SHRI VIRENDER KAUL जो नगर/ग्राम Piplya kumar (ct) के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 2440 दिनांक 2004-05-18 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, SELF HOUSE प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक MR-V/510, MR-V/512 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/मेसर्स (Neelu Kaul)-1). SMT. NEELU KAUL W/o SHRI VIRENDER KAUL जो नगर Indore ग्राम Piplya kumar (ct) के खसरा क्रमांक 173 (S) में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 2440 दिनांक 2004-05-18 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, SELF HOUSE प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम Piplya kumar (ct) खसरा क्रमांक 173 (S) रकबा 0.018586 भूमि जिसका भूमि उपयोग RESIDENTIAL है के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड/भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=nN90t6fGR32025 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मजर्रा की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक,**
**नगर तथा ग्राम निवेश, इन्दौर मध्यप्रदेश,**

## न्यायालय-सुश्री चारू व्यास, सत्रहवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इंदौर (म.प्र.)

**जावक क्रं. 753, प्र.क्रं. -आर.सी.एस.ए-682/2025 दिनांक : 13.05.2026**
**पेशी दिनांक : 09-07-2026**

मुकेश **विरुद्ध** सर्वसाधारण व अन्य

**प्रेषिती**– सर्व साधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि अवेदक मुकेश पिता दरियावसिंह मृत तर्फे वारिसान पत्नी लक्ष्मी पति स्व: मुकेश उम्र 45 वर्ष, पता- ग्राम आकासुदा तह. हातोद जिला इन्दौर म.प्र. ने मृतक श्री सुन्दरलाल पिता स्व: दरियावसिंह द्वारा छोड़ी गई सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 09.07.2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09.07.2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 13.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(सुश्री चारू व्यास), सत्रहवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इन्दौर (म.प्र.)**

**नोट:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा। सी-1964